# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216

E-Mail Id-eecdjnsonebhadra@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473941817


पत्रांक 1135 / W-16 / 113 दिनांक– 12-06-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 10 जून 2026 को प्रकाशित शीर्षक "दूषित पानी पीने को विवश है सोमा के ग्रामीण" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 10 जून 2026 को प्रकाशित शीर्षक "दूषित पानी पीने को विवश सोमा के ग्रामीण" के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

उक्त के संदर्भ में अवगत कराना है कि जनपद सोनभद्र विकास खण्ड नगवां के ग्राम सोम में जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तर्गत नगवां पेयजल योजना का निर्माण कार्यदायी फर्म मेंसर्स वी0पी0आर0पी0एल0, जोधपुर द्वारा कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत ग्राम सोमा में टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य फर्म द्वारा कराया जा रहा है। ग्राम के 50 प्रतिशत घरों में कमिशनिंग का कार्य करा दिया गया है। शेष 50 प्रतिशत घरों में पाइप लाइन टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य फर्म द्वारा कराया जा रहा है, जिसको 01 सप्ताह में पूर्ण कर नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ किया जाना सम्भावित है।

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कृपया उक्त प्रकरण को निक्षेपित कराने की कृपा करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नकः– फोटोग्राफ्स।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता


पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।
6. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

अधिशासी अभियन्ता




Mahuli, Uttar Pradesh, India





# दूषित पानी पीने को विवश है सोमा के ग्रामीण

Jun 10, 2026 02:41 pm IST

**Newswrap** | हिन्दुस्तान, सोनभद्र

Preferred

किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा ने सोनभद्र के सोमा ग्राम पंचायत में जन चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और पेयजल संकट पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की योजनाओं के बावजूद उन्हें स्वच्छ पेयजल नहीं मिल रहा है। मोर्चा संयोजक संदीप मिश्रा ने अधिकारियों से बात कर मुद्दे को उठाया।

Story continues below advertisement

Google Workspace
with Gemini

ऐप पर पढ़ें




सोनभद्र, संवाददाता। किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा ने पेड़ है तो प्राण है अभियान के तहत बुधवार को सुदूर वनवासी क्षेत्र सोमा ग्राम पंचायत में जन चौपाल का आयोजन किया। पर्यावरण संरक्षण, वन संपदा के संवर्धन तथा सोनभद्र में तेंदुआ सफारी एवं कृषि वानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने पेयजल का मुद्दा उठाया। इस दौरान किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा के संयोजक संदीप मिश्रा ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने एक स्वर में क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या पेयजल संकट को बताया। ग्रामीणों का कहना था कि सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन एवं हर घर नल योजना के बावजूद आज भी उन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

Story continues below advertisement

उन्हें आज भी पीने के लिए नाले, नालों और तालाबों के पानी को कपड़े से छानकर उपयोग करने को मजबूर हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों की पीड़ा सुनकर मोर्चा संयोजक संदीप मिश्रा ने मौके पर ही जिलाधिकारी एवं जल निगम के अधिकारियों से वार्ता कर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद यदि वनवासी क्षेत्रों के लोग स्वच्छ पानी के लिए तरस रहे हैं, तो यह शासन-प्रशासन की गंभीर विफलता है। संदीप मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही सोमा ग्राम पंचायत के लोगों को पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई गई तो किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा ग्रामीणों के साथ मिलकर कलेक्ट्रेट पर व्यापक जन आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर आकाश चौहान, शत्रुघ्न बिंद, विजय चौहान, बिंदु खरवार, मुखलाल चेरो, सुष्मिता धनगर, दिनेश चेरो, नागेंद्र धनगर, आकाश, राज, राधा, कन्हैया लाल आदि मौजूद रहे।

Story continues below advertisement

लेखक के बारे में

**Hindustan**

हिन्दुस्तान भारत का प्रतिष्ठित समाचार पत्र है। इस पेज पर आप उन खबरों को पढ़ रहे हैं, जिनकी रिपोर्टिंग अखबार के रिपोर्टरों ने की है।

...और पढ़ें

Sonbhadra Latest News | Sonbhadra N | लेटेस्ट **Hindi News**, बॉलीवुड न्यूज, बिजनेस न्यूज, टेक, ऑटो, करियर,